अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2016
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'गद्य' और 'पद्य' दोनों में रचित वेद है - **(1)**

(A) ऋग्वेद (B) सामवेद

(C) यजुर्वेद (D) अथर्ववेद

**2.** अपने देश का आदर्श राष्ट्रीय वाक्य 'सत्यमेव जयते' कहाँ से लिया गया है? **(1)**

(A) कठोपनिषद् से (B) मुण्डकोपनिषद् से

(C) छान्दोग्य उपनिषद से (D)

**3.** महात्मा बुद्ध के 'गृह त्याग' को बौद्ध ग्रन्थों में क्या कहा जाता है- **(1)**

(A) महाभिनिष्क्रमण (B) महापरिनिर्वाण

(C) धर्मचक्रप्रवर्तन (D) अपरिग्रह

**4.** 'स्याद्वाद' किस धर्म के दर्शन का मूल आधार है? **(1)**

(A) शैव धर्म (B) बौद्ध धर्म

(C) भागवत धर्म (D) जैन धर्म

**5.** 'श्वेताम्बर' और 'दिगम्बर' नामक सम्प्रदाय किस धर्म से सम्बन्धित हैं? **(1)**

(A) जैन धर्म (B) बौद्ध धर्म

(C) ईसाई धर्म (D) वैष्णव धर्म

**6.** कौन-सा साहित्य 'धर्मेतर साहित्य' है - **(1)**

(A) राजतरंगिणी (B) जातक कथा

(C) महाभारत (D) रामायण

**7.** किस हड़प्पा सभ्यता स्थल से 'कांस्य नर्तकी की मूर्ति' प्राप्त हुई थी? **(1)**

(A) कालीबंगा (B) चन्हूदड़ों

(C) मोहनजोदड़ो (D) हड़प्पा

**8.** ग्लोब पर दो स्थानों के बीच न्यूनतम दूरी होती है - **(1)**

(A) 45° उत्तरी अक्षांश पर (B) 45° दक्षिणी अक्षांश पर

(C) अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा पर (D) प्रधान देशान्तर पर

**9.** सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करने वाले खगोलीय पिण्ड कहलाते हैं- **(1)**

(A) छुद्र ग्रह (B) उपग्रह

(C) ग्रह (D) पुच्छल तारा

**10.** सूर्य से सबसे दूर स्थित ग्रह है - **(1)**

(A) प्लूटो (B) नेप्च्यून

(C) यूरेनस (D) जूपीटर

**11.** पृथ्वी पर दिन एवं रात होने का कारण है- **(1)**

(A) पृथ्वी के अक्ष का झुकाव
(B) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर परिक्रमण
(C) पृथ्वी के सापेक्ष सूर्य की गति
(D) पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूर्णन

**12.** 0° (शून्य डिग्री) अक्षांश को कहते हैं - **(1)**

(A) भूमध्य रेखा
(B) कर्क रेखा
(C) मकर रेखा
(D) आर्कटिक वृत्त

**13.** भूमध्य रेखा पर सूर्य की किरणें कब सीधी पड़ती हैं? **(1)**

(A) 23 सितम्बर को
(B) 21 मार्च को
(C) 21 जून को
(D) 25 दिसम्बर को

**14.** ग्राम पंचायत के सदस्य चुने जाते हैं - **(1)**

(A) दो वर्ष के लिए
(B) पाँच वर्ष के लिए
(C) सात वर्ष के लिए
(D) दस वर्ष के लिए

**15.** संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे - **(1)**

(A) जवाहर लाल नेहरू
(B) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(C) महात्मा गाँधी
(D) डॉ. भीमराव अम्बेडकर

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** लुम्बिनी से प्राप्त अभिलेख में अशोक ने 'कर' के विषय मे क्या घोषणा की है? **(1)**

**17.** दो विदेशी यात्रियों के नाम लिखिए। **(1)**

**18.** पाषाण युग को कितने भागों में बाँटा गया है, उनके नाम लिखिए। **(1)**

**19.** ई.पू. का अर्थ बताइए। **(1)**

**20.** 'सप्त-सैन्धव' के अन्तर्गत आने वाली नदियों के नाम बताइए। **(1)**

**21.** सोलह महाजनपदों में से, कौन-से चार प्रमुख महाजनपद थे? **(1)**

**22.** 'छुद्र ग्रह' कहाँ पर पाए जाते हैं? **(1)**

**23.** 'तारा' किसे कहते हैं? **(1)**

**24.** 'चन्द्रग्रहण' की स्थिति का चित्र बनाइए। **(1)**

**25.** 'मकर रेखा' किसे कहते है? **(1)**

**26.** 'अन्तर्राष्ट्रीय तिथि रेखा' किसे कहते हैं? **(1)**

**27.** भारत के पड़ोसी देशों के नाम लिखिए। **(1)**

**28.** भारत के कौन-से दो द्वीप समूह हैं? **(1)**

**29.** हमारे राष्ट्रध्वज का ऊपर से नीचे का रंगों का क्रम लिखिए। **(1)**

**30.** 'ग्राम शिक्षा समिति' का अध्यक्ष कौन होता है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** इतिहास जानने के साधनों का वर्णन कीजिए। **(2)**

**32.** पुरापाषाण काल, मध्य पाषाण काल एवं नव पाषाण कालीन पत्थर के औजारों की क्या विशेषताएँ थीं? **(2)**

**33.** सिन्धु घाटी सभ्यता की आर्थिक, धार्मिक तथा नगरीय व्यवस्थाओं के विषय में तीन-तीन पंक्तियाँ लिखिए। **(2)**

**34.** त्रिरत्न और 'आष्टांगिक मार्ग' क्या है? यह किनसे सम्बन्धित है? वर्णन कीजिए। **(2)**

**35.** मानचित्र क्या है? मानचित्र का उपयोग बताइए। **(2)**

**36.** अक्षांश और देशान्तर रेखा में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** हमारी पृथ्वी पर कुल कितने महाद्वीप हैं? वर्णन कीजिए। **(2)**

**38.** हिमालय को कितनी श्रेणियों में बाँटा गया है? इन श्रेणियों का नाम लिखते हुए, हिमालय से होने वाले लाभ बताइए। **(2)**

**39.** ग्राम पंचायत के चुनाव की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **(2)**

**40.** सड़क पर यातायात के साधनों की अधिकता के कारण बताइए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/samajik-adhyayan/2016

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN